भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1506**
सोमवार, **01** जुलाई, 2019/**10** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उज्जैन में पर्यटन विकास

+**1506.** श्री अनिल फिरोजियाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उज्जैन में पर्यटन को बढ़ावा देने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का वाराणसी और तिरुपति सर्किटों की भांति उज्जैन सर्किट को भी विकसित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक विकसित किया जाएगा; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.) : पर्यटक स्थलों की पहचान करना तथा विकास मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों का उत्तरदायित्व है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन- थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास योजना के अन्तर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/ केन्द्रीय अभिकरणों को नियोजित तथा प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश के पर्यटन सम्भावनाओं वाले परिपथों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

योजना के अन्तर्गत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है तथा निधियों की उपलब्धता, संगत विस्तृत परियोजना रिपोर्टों को प्रस्तुत करने, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन तथा पहले जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं। मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत उज्जैन संबंधित विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

****